संत थॉमस स्कूल धुर्वा,राँची

कक्षा - 5 विषय - हिंदी

पाठ - 8 (पानी रहित होली)

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :-

उत्साहित : उमंग में
प्रतियोगिता - मुकाबला
धुलेंडी - जिस दिन रंगों से होली खेलते हैं
हुड़दंग - उछल - कूद
कालिख - कालिमा
सर्वश्रेष्ठ - सबसे बढ़िया
सर्वोत्तम - सबसे उत्तम
निर्णय - फैसला

प्रश्न 1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

क) बच्चे कहाँ बैठे हैं?

उत्तर - बच्चे कक्षा में बैठे हैं ।

ख) प्रतियोगिता का विषय क्या था?

उत्तर - प्रतियोगिता का विषय था - होली को मनाने का सही ढंग।

ग) हमें होली के किस रूप से छुटकारा पाना है ?

उत्तर- हमें होली के परंपरागत स्वरूप से छुटकारा पाना है ।

घ) पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ ?

उत्तर- पुरस्कार धीरज को प्राप्त हुआ।

ङ) होली के त्योहार से आप क्या सीखते हैं?

उत्तर- होली का त्योहार हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है ।इस दिन हमें शत्रुता भुलाकर दुश्मनों को भी गले लगा लेना चाहिए।

च) मन्नत के अनुसार धुलेंडी के दिन क्या किया जाए ?

उत्तर- मन्नत के अनुसार धुलेंडी के दिन सूखे और गीले रंगों से होली खेली जाए। एक - दूसरे पर गुब्बारे मारकर, अंडे फोड़ कर पॉलिश और पेंट लगाकर खूब हुड़दंग किया जाए।सब पर खूब रंग डाला जाए।

छ) पंकुल का कौन - सा विचार मन्नत से अलग था ?

उत्तर- पंकुल का होलिका दहन मनाने का विचार मन्नत से अलग था ।पंकुल के अनुसार होलिका दहन शानदार और परंपरागत तरीके से बनाना चाहिए परंतु लकड़ी के स्थान पर बेकार पड़ी लकड़ी और टूटे-फूटे फर्नीचर का प्रयोग किया जाना चाहिए।

ज) धीरज के विचार में होलिका - दहन में क्या जलाया जाए ?

उत्तर - धीरज के विचार में होलिका दहन में लकड़ियों के स्थान पर आस-पास के पड़े कचरों को जलाया जाए। इससे आस-पास की गंदगी से मुक्ति मिलेगी। पेड़ कटने से बच जाएँगे और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा।

झ) धीरज होली का पर्व किस प्रकार मनाना चाहता था ?

उत्तर - धीरज होली का पर्व पानी वाले रंगों से न खेल कर सिर्फ एक - दूसरे के माथे पर रंग का तिलक लगाकर और गले मिलकर मनाना चाहता था।

ञ) सब बच्चों को किसके विचार अच्छे लगे ?

उत्तर- सब बच्चों को धीरज के विचार अच्छे लगे ।

प्रश्न 2) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर के सामने सही का निशान लगाइए :-

क) अध्यापक ने कक्षा में किसका आयोजन किया ?

उत्तर - प्रतियोगिता का

ख) दूसरे स्थान पर कौन बोला ?

उत्तर-पंकुल

ग) होली कैसा त्योहार है ?

उत्तर- प्रेम और भाईचारे का।

प्रश्न 3) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-

क) सब बच्चे बहुत उत्साहित दिखाई दे रहे थे।

ख) धुलेंडी से एक दिन पहले होलिका दहन होता है।

ग) मन्नत बहुत विश्वास के साथ बोली।

घ) हमें होली के परंपरागत रूप छुटकारा पाना है।

ङ) होली का त्योहार भाईचारे का त्योहार है।

अपराजिता हिंदी व्याकरण और रचना

पाठ - 9 (विशेषण)

प्रश्न1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क) विशेषण किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।

उत्तर- संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं ,जैसे- रसीला , 5 किलो, कुछ,खूंखार,बूढ़ा इत्यादि।

ख) विशेषण के कितने भेद हैं ?

उत्तर- विशेषण के चार भेद होते हैं :-

- गुणवाचक विशेषण
- संख्यावाचक विशेषण
- परिमाणवाचक विशेषण
- सार्वनामिक विशेषण

ग) निश्चित संख्यावाचक और अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर - जिस विशेषण शब्द से निश्चित संख्या का पता चले उसे निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं जैसे -दो,चार,पाँच,सौ आदि।

जिस विशेषण शब्द से निश्चित संख्या का पता न चले उसे अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं जैसे - कुछ, कई, बहुत- सा, थोड़ा ,अनेक आदि।

प्रश्न 2) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द लिखिए :-

उत्तर - क) डरपोक

ख) अच्छी

ग) दो लीटर

घ) कई

ङ) उस

प्रश्न 3) विशेषण को सही विशेष्य से जोड़िए और वाक्य बनाइए :-

क) कुछ - पुस्तकें - कुछ पुस्तकें रखी हैं।

ख) काली - गाय - काली गाय घूम रही है।

ग) दो मीटर - कपड़े - दो मीटर कपड़े दो।

घ) तेज - बालक - यह बालक तेज दौड़ता है।

ङ) एक दर्जन - केले - एक दर्जन केले दो।

प्रश्न **4)** कोष्ठक में दिए गए विशेषणों में से उचित विशेषण चुनकर वाक्य पूरे कीजिए-

क) इस कमरे में दादा जी सो रहे हैं।
ख) अनिल सबसे ज्यादा परिश्रमी है।
ग) फ्रॉक के लिए दो मीटर कपड़ा चाहिए।
घ) पार्क में कुछ लड़के क्रिकेट खेल रहे हैं।
ङ) वह लड़की तेज दौड़ती है।

प्रश्न **5)** निम्नलिखित शब्दों में विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए:-

उत्तर क) अच्छी
ख) चतुर
ग) कुछ
घ) भयंकर
ङ) अनेक

प्रश्न **6)** निम्नलिखित वाक्यों के सामने सर्वनाम अथवा सार्वनामिक विशेषण लिखिए :-

उत्तर- क) इस
ख) वह
ग) वह
घ) यह
ङ) वह

---×××××---